नामांक Roll No.

**Sl.No. :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 22**

**No. of Printed Pages – 11**

**SS–29–Sociology**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2024

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2024

## समाजशास्त्र

## SOCIOLOGY

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

यहाँ से काटिए

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक** 16 **से** 22 **में आंतरिक विकल्प है।**

In Question Nos. 16 to 22 each have internal choice.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** **बहुविकल्पी प्रश्न (i से xv) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

Choose the correct answer from multiple choice questions (i to xv) and write in given answer book.

i) **देश के किस राज्य में बाल लिंगानुपात सबसे कम है (आधार वर्ष 2011)?** **[1]**

**अ)** **पंजाब** **ब)** **हरियाणा**

**स)** **राजस्थान** **द)** **बिहार**

In which state of the country is the child sex ratio lowest (Base year 2011)?

A) Punjab B) Haryana

C) Rajasthan D) Bihar

ii) **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है?** **[1]**

**अ)** **अनु.**–14 **ब)** **अनु.**–15

**स)** **अनु.**–16 **द)** **अनु.**–17

In which article of the Indian constitution untouchability has been elimination?

A) Article - 14 B) Article - 15

C) Article - 16 D) Article - 17

iii) **भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ?** **[1]**

**अ)** **सन** 1951 **ब)** **सन** 2001

**स)** **सन** 2005 **द)** **सन** 2006

When did the Right to information Act come into force in India?

A) Year 1951 B) Year 2001

C) Year 2005 D) Year 2006

iv) औद्योगिक क्षरण क्या था? **[1]**

अ) परंपरागत उद्योग धन्धों का पतन

ब) उत्पादन व निर्यात में गिरावट/ कमी

स) प्राचीन व्यापारिक नगरों का महत्व कम होना

द) उपर्युक्त सभी

What was deindustrialisation?

A) Decline of traditional industries

B) Decline in production and exports

C) Decline in importance of ancient trading cities

D) All of the above

v) औपनिवेशिक भारत में 'मेनचेस्टर प्रतियोगिता' क्या थी? **[1]**

अ) भारतीय रेशम व कपास के उत्पादन व निर्यात में कमी

ब) शतरंज प्रतियोगिता

स) क्रिकेट प्रतियोगिता

द) इनमें से कोई नहीं

What was the 'Manchester competition' in colonial India?

A) Decline in production and export of Indian silk and cotton

B) Chess competition

C) Cricket competition

D) None of these

vi) भारत में 'ब्रिटिश औद्योगीकरण' के प्रारंभिक समय में लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा? **[1]**

अ) खेती को बढ़ावा मिला

ब) खेती पर दबाव बढ़ा

स) भारतीय व्यापार को बढ़ावा मिला

द) उपर्युक्त सभी

What impact did British industrialization have on people during the initial period in India?

A) Agriculture got a boost

B) Pressure increased on agriculture

C) Indian trade got a boost

D) All of these

vii) 'आजादी के बाद नगरीकरण का प्रभाव भारतीय गाँवो पर भी पड़ा' ये मत किसका है? **[1]**

अ) रिजले　　ब) अगस्त कॉम्ट

स) इरावती कर्वे　　द) एम.एस.ए. राव

'Urbanisation has had its impact on Indian villages after independence'. Whose views are these?

A) Risley　　B) Auguste Comte

C) Irawati Karve　　D) M.S.A. Rao

viii) औपनिवेशिक भारत कौन–कौन सी कुरीतियों से ग्रसित था? **[1]**

अ) सती प्रथा　　ब) बाल–विवाह

स) पर्दा प्रथा　　द) उपर्युक्त सभी

Which evils did colonial India suffer from?

A) Sati practice　　B) Child-Marriage

C) Purdah system　　D) All of these

ix) आधुनिकता वह है जिसमें– **[1]**

अ) संकीर्ण विचारों के स्थान पर सार्वभौमिक दृष्टिकोण को महत्व

ब) भावनाओं, परंपराओं के स्थान पर विज्ञान को महत्त्व

स) जन्म के स्थान पर योग्यता को महत्त्व

द) उपर्युक्त सभी

Modernity is that in which -

A) Importance of universal perspective in place of parochial view

B) Importance of science in place of emotions and tradition

C) Importance of ability in place of birth

D) All of above

x) 'कास्ट एण्ड मॉडर्न पॉलिटिक्स' पुस्तक के लेखक कौन है? **[1]**

अ) श्रीनिवास　　ब) घुर्ये

स) रजनी कोठारी　　द) दीपांकर गुप्ता

Who is the author of the book 'Caste and Modern Politics'?

A) Srinivas　　B) Ghurye

C) Rajni Kothari　　D) Dipankar Gupta

xi) 'द आर्गुमेंटेटिव इंडियन' पुस्तक के लेखक कौन है? [1]

अ) अमर्त्य सेन ब) नौरोजी

स) महात्मा गाँधी द) ए.आर. देसाई

Who is the author of the book 'The Argumentative Indian'?

A) Amartya Sen B) Naoroji

C) Mahatma Gandhi D) A.R. Desai

xii) एम.एन. श्रीनिवास के अनुसार राजस्थान की 'प्रबल जाति' का उदाहरण है? [1]

अ) गुर्जर–मीणा ब) जाट–राजपूत

स) अहीर–मेव द) कामा–रेड्डी

According to M.N. Srinivas the example of dominant caste of Rajasthan is?

A) Gurjar - Meena B) Jaat - Rajput

C) Ahir - Mev D) Kamma - Reddy

xiii) विनिवेश से सरकारी कर्मचारियों को क्या भय रहता है? [1]

अ) अधिक कार्य करने का ब) नौकरी खोने का

स) वेतन बढ़ने का द) परिवार टूटने का

What are government workers scared of due to disinvestment?

A) To do more work B) Of losing job

C) To increase salary D) Of family splitting

xiv) किस फिल्म में रेडियो जॉकी (नायिका) का उद्बोधन 'गुड मॉर्निंग इण्डिया' होता है? [1]

अ) शोले ब) बाहुबली

स) लगे रहो मून्नाभाई द) सौदागर

In which film does the radio jockey (heroine) announce 'Good Morning India'?

A) Sholay B) Baahubali

C) Lage Raho Munna Bhai D) Saudagar

xv) 'सिविल सोसायटी एण्ड सोशल मूवमेंटस' पुस्तक के लेखक कौन है? [1]

अ) टी.के. ओमेन ब) घनश्याम शाह

स) मैत्रेयी चौधरी द) नाँगबरी टिपलुट

Who is the author of the book 'Civil Society and Social Movement'?

A) T.K. Oommen B) Ghanshyam Shah

C) Maitrayee Chaudhuri D) Nongbri Tiplut

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–**

Fill in the blanks :-

i) **जिस परिवार में माता – पिता व उनके बच्चे रहते है ……………….. परिवार कहलाता है।** **[1]**

The family in which parents and their children live is called a ________ family.

ii) **भारतीय संस्कृति में विविधता में ……………. पायी जाती है।** **[1]**

__________ is found in diversity in Indian culture.

iii) **भारत की कुल जनसंख्या में जैन धर्म की संख्या ………………. प्रतिशत है।** **[1]**

Jainism accounts for __________ percentage of the total population of India.

iv) **ब्रिटानी उपनिवेशवाद ……………. व्यवस्था पर आधारित था।** **[1]**

British colonialism was based on _________ system.

v) **राजा राम मोहन रॉय ने ……………. प्रथा का विरोध किया।** **[1]**

Raja Ram Mohan Roy opposed the practice of _______.

vi) **कानून का सार इसकी ……………….. है।** **[1]**

The essence of law is its ___________.

vii) **भारत का सबसे पुराना उद्योग ……………. उद्योग है।** **[1]**

The oldest industry in India is ____________ industry.

**3)** **अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :–**

Very Short Answer Questions :-

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए :–**

Give the answer of following questions in one line :-

i) **शिशु मृत्यु दर से क्या तात्पर्य है?** **[1]**

What is meant by infant mortality rate?

ii) **जनसांख्यिकी लाभांश कब उत्पन्न होता है?** **[1]**

Who does demographic dividend arise?

iii) **सबके लिए 'एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर' का नारा किसने दिया?** **[1]**

Who gave the slogan of "One Caste, One Religion, One God for all men"?

iv) 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के लिए बनाए गए दो आयोगों के नाम लिखिए। **[½+½=1]**
Write the name of two commissions created for 'Other Backward Classes'.

v) राष्ट्र के निर्माण में सहायक तत्वों के नाम लिखिए। **[1]**
Write the name of the elements helpful in nation building.

vi) न्याय का सार क्या है? **[1]**
What is the essence of justice?

vii) स्थानीय सरकार की अवधारणा किस नेता को प्रिय थी? **[1]**
Which leader liked the concept of local government?

viii) रैयतवाड़ी व्यवस्था में 'रैयत' का क्या अर्थ है? **[1]**
What is the meaning of ryot in ryotwari system?

ix) 'तालाबंदी' से क्या तात्पर्य है? **[1]**
What is meant by lockout?

x) संस्कृति के दो रुप लिखिए। **[½+½=1]**
Write two forms of culture.

## खण्ड – ब
## SECTION - B

**लघूत्तरीय प्रश्न :–**
Short Answer Questions :-

**4)** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कोई दो उद्देश्य लिखिए। **[1+1=2]**
Write any two objectives of 'National Health Policy 2017'.

**5)** वर्ण तथा जाति में कोई दो अन्तर बताइए। **[1+1=2]**
Mention any two differences between varna and caste.

6) संयुक्त परिवार की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **[1+1=2]**
Write any two characteristics of joint family.

7) पूंजीवाद के कोई दो लक्षण बताइए। **[1+1=2]**
Mention any two characteristics of capitalism.

8) आत्मसात्करण व एकीकरण की नीति में अंतर लिखिए। **[2]**
Write the difference between policy of integrationist and assimilationist.

9) संस्कृतिकरण की दो आलोचनाएँ लिखिए। **[1+1=2]**
Write two criticisms of Sanskritisation.

10) संविधान के अनु. 21 के बारे में बताइए। **[2]**
Mention about Article 21 of the constitution.

11) कृषि प्रधान देश भारत में उदारीकरण व निजिकरण के दो दुष्प्रभाव लिखिए। **[1+1=2]**
Write two side effects of liberalization and privatisation in India as agricultural country.

12) हडताल व तालाबंदी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **[1+1=2]**
Explain the difference between strike and lockout.

13) भूमण्डलीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था व संस्कृति में आने वाले कोई दो सामान्य परिवर्तन लिखिए। **[1+1=2]**
Write any two general changes in Indian economy and culture as a result of globalization.

14) सोप ओपेरा किसे कहते है? **[2]**
What is soap opera called?

15) सामाजिक आंदोलन किसे कहते है? क्या संस्कृतिकरण सामाजिक आंदोलन का उदाहरण है? **[1+1=2]**
What is called social movement? Is Sanskritisation an example of social movement?

## खण्ड – स

## SECTION - C

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न :–**

Long Answer Questions :-

**16)** **भारत में स्त्री–पुरुष अनुपात (लिंगानुपात) में गिरावट के मौलिक कारण समझाइए।** **[3]**

Explain the fundamental reasons for the decline in the sex-ratio in India?

अथवा/OR

**बाल लिंगानुपात** (0-6 **वर्ष) में गिरावट के मूल कारणों पर प्रकाश डालिए।** **[3]**

Highlight on the main causes of decline in child sex ratio (0-6 years).

**17)** **भूमण्डलीकरण ने राजनीति को किस प्रकार प्रभावित किया है? संक्षिप्त वर्णन कीजिए।** **[3]**

How has globalisation affected politics? Describe briefly.

अथवा/OR

**इलेक्ट्रॉनिक अर्थव्यवस्था से क्या तात्पर्य है? समझाइए।** **[3]**

What is meant by electronic economy? Explain.

**18)** **भारत में टेलीविजन के विकास पर** (1959 **से** 1990 **तक) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।** **[3]**

Write a short note on the development of television (from 1959 to 1990) in India.

अथवा/OR

**उदारीकरण के बाद भारत में एफ .एम. रेडियो स्टेशनों के बारे में सारगर्भित वर्णन कीजिए।** **[3]**

Briefly describe about the F.M. Radio stations in India after liberalisation.

**19)** **सामाजिक आंदोलन की कोई छह विशेषताएँ लिखिए।** **[6×½=3]**

Write any six characteristics of social movement.

अथवा/OR

**पारिस्थितिकीय आंदोलन संक्षिप्त वर्णन कीजिए।** **[3]**

Briefly describe about ecological movement.

## खण्ड – द

## SECTION - D

निबंधात्मक प्रश्न (200 शब्द) :–

Essay type questions (200 words) :-

**20)** उपनिवेशवाद व नए बाजारों के आविर्भाव से आप क्या समझते है? **[4]**

What do you understand by colonialism and the emergence of new markets?

अथवा/OR

उदारीकरण से क्या तात्पर्य है? इसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालिए। **[1+1½+1½=4]**

What is meant by liberalization? Highlight on its positive and negative effects.

**21)** सामाजिक विषमता क्या है? विषमता पर आधारित सामाजिक स्तरीकरण की व्याख्या करने वाले तीन सिद्धांत लिखिए। **[1+3=4]**

What is social inequality? Write three theories that explain social stratification based on inequality.

अथवा/OR

पूर्वाग्रह किसे कहते? औपनिवेशिक उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **[1+3=4]**

What is prejudice? Describe with colonial example.

**22)** हरित क्रांति के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों की चर्चा कीजिए। **[2+2=4]**

Discuss the positive and negative effects of Green Revolution.

अथवा/OR

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ग्रामीण समाज में हुए परिवर्तनों का सार रुप में उल्लेख कीजिए। **[4]**

Briefly mention the changes that took place in the rural society after independence.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE